# ATMA RAM SANATAN DHARMA COLLEGE
(UNIVERSITY OF DELHI)

---

## वेदांता: हिन्दी वाद-विवाद समिति

आत्मा राम सनातन धर्म महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय की हिन्दी वाद-विवाद समिति, 'वेदांता', दिल्ली वाद-विवाद सर्किट में एक प्रतिष्ठित और सम्मानित समितियों में से एक है। 'तथ्य से सत्य तक' के आदर्श वाक्य के साथ संचालित यह समिति छात्रों में तार्किक सोच, निष्पक्षता और आत्मविश्वास विकसित करने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। 2012 में अपनी स्थापना के समय से ही यह लोकतांत्रिक मूल्यों, एकता और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रही है।

समिति ने इस वर्ष संयोजक डॉ. श्रीधरम और सदस्य डॉ. इंद्रजीत झा के नेतृत्व में अपने पिछले स्थापित मानकों को तोड़ते हुए उपलब्धियों के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। पिछले सत्र (2024-25) के 281 उपलब्धियों की तुलना में इस सत्र में सदस्यों ने 300 से अधिक उपलब्धियों का आंकड़ा हासिल किया। समिति ने इस वर्ष कुल 12 कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया और नवाचार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए तर्क-तृष्णा : नवागंतुक अर्ध संसदीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता दल हेतु चल वैजयंती का अनावरण किया गया। साथ ही वेदांगम् : संसदीय वाद विवाद प्रतियोगिता को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित करते हुए इसे शैक्षणिक सीमा से मुक्त किया। इसमें उपविजेता और सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु अधिनिर्णयक हेतु चल वैजयंती का भी अनावरण किया गया। चल वैजयंतियों के रूप में समिति ने वाद-विवाद की परंपरा को शाश्वत बनाने का प्रयत्न किया है।

साथ ही, भारतीय निर्वाचन आयोग की 'स्वीप' (SVEEP) योजना के अंतर्गत लोकतांत्रिक जागरूकता फैलाने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान से टर्नकोट प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में ज्ञानवर्धन और सहयोग की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समिति ने प्रतिष्ठित संस्थानों वाजीराम एवं रवि, विजन आई.ए.एस एवं स्टडी आई.क्यू. के सहयोग से छात्रों के भविष्योन्मुख मार्गदर्शन हेतु विशेष संगोष्ठियाँ आयोजित की गई।

समिति के सदस्यों ने अथक प्रयास एवं अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए वाद-विवाद के सभी प्रारूपों में प्रतिभाग किया और ३०० से अधिक पुरस्कार अपने नाम किए। ये उपलब्धि हासिल करने में 27 सदस्यों ने अपना योगदान दिया जिनका विवरण निम्नलिखित हैं :

महक मौर्या - 14, आबीर भूँञ्या - 11, आदित्य अग्रहरि - 13, क्षितिज कुमार - 20, रितेश डोंगरे - 70, मोहन मिश्र - 34, आयुष भारद्वाज - 21, हर्षवर्धन श्रीवास्तव - 20, सचिन यादव - 3, संगम झा - 4, रजनीश कुमार - 5, नित्या आहूजा - 6, हरि ओम मिश्रा - 5, साक्षी - 4, कृष्णा यादव - 25, क्रांति उपाध्याय - 10, देवयांश अजमेरा - 4, प्रत्यक्ष तिवारी - 7, मानस मृदुल - 2, शुभांशु तिवारी - 2, विजय भूषण मिश्रा - 8, उमा अग्रवाल - 2, अभिषेक चौहान - 2, सागर द्विवेदी - 3, सुप्रिया रानी - 2, विभाष सिंह - 1, शुभोदीप कुमार दास - 1

**समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की सूची :-**

1. उन्मुखीकरण समारोह (Orientation Ceremony) 25 अगस्त, 2025 डॉ. श्रीधरम (संयोजक), महक मौर्या (अध्यक्ष)

2. चयन प्रक्रिया (Selection Process) 30 अगस्त, 2025 समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं निर्णायक मंडल

3. संवादात्मक संगोष्ठी 11 सितंबर, 2025 विषय विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ वक्ता, श्री सचिन जैन (आईआरएस, 2016 बैच)

4. वाजीराम एंड रवि: संवादात्मक संगोष्ठी 16 सितंबर, 2025 वाजीराम एंड रवि संस्थान के विशेषज्ञ, समरजीत मिश्रा

5. सार्वजनिक नीति संगोष्ठी (Public Policy Seminar) 6 अक्टूबर, 2025 नीति विश्लेषक और शिक्षाविद्, डॉ. अजय कुमार गौतम

6. तर्क-तृष्णा: नवागंतुक अर्ध-संसदीय वाद-विवाद 8-9 अक्टूबर, 2025 डॉ. श्रीधरम और वरिष्ठ निर्णायक

7. टर्नकोट और निबंध लेखन प्रतियोगिता 31 अक्टूबर, 2025 समिति के परामर्शदाता, कार्यक्रम संयोजिका डॉ. विज्जिका पाण्डेय सिंह, आमंत्रित अधिनिर्णायक श्री सक्षम तिवारी एवं श्री धीरज कुमार**,** समिति संयोजक डॉ. श्रीधरम एवं डॉ. सुमित कुमार बंसल

8. अर्ध-वार्षिक चयन प्रक्रिया 23 जनवरी, 2026 समिति कार्यकारी परिषद

9. वाजीराम एंड रवि: संवादात्मक सत्र 3 फरवरी, 2026 सिविल सेवा विशेषज्ञ, समरजीत मिश्रा श्री अरविंद गुलेरिया

10. स्टडी आईक्यू आईएएस: कैंपस टू कलेक्टोरेट 12 फरवरी, 2026 स्टडी आईक्यू के वरिष्ठ शिक्षक, श्री अरविंद गुलेरिया

11. प्रतिस्पर्धा विजन आईएएस: निबंध लेखन 17 फरवरी, 2026 विजन आईएएस के प्रतिनिधि

12. वेदांगम 2026: वार्षिक महोत्सव 28 फरवरी - 2 मार्च, 2026, प्राचार्य प्रो. ज्ञानतोष कुमार झा, समिति संयोजक डॉ. श्रीधरम, डॉ. इंद्रजीत कुमार झा, मुख्य अतिथि अनंत विजय तथा विशिष्ट अतिथि विक्रमजीत चौधरी